कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.04.2025

विषय:- चोरी के मुकदमें में वांछित अभियुक्त विकास पटेल को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, चोरी का कुल 05 अदद बोरी गेहूं बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में, थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-164/2025 धारा 305(A) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास पटेल पुत्र भईयालाल पटेल निवासी ग्राम टड़िया कोटवा थाना लोहता वाराणसी को आज दिनांक-19.04.2025 को समय करीब 01.55 बजे यमुना नगर कालोनी में रेलवे लाइन के पास स्थित कब्रिस्तान थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का कुल 05 अदद बोरी गेहूं बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के आधार पर थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 18/04/2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका खेत से मड़ाई कर लाया हुआ पाँच बोरी गेहूँ जो बरामदा में रखा था चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0 0164/2025 धारा 305(A) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना म0उ0नि0 प्रतिभा शाही द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त विकास पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि दो दिन पहले रात में मैंने ग्राम खारी सरसवां से 05 बोरी गेहूं जो एक घर के बाहर बरामदे में रखा हुआ था उसे अपने ठेले पर अकेला ही लाद कर वहां से भाग निकला था और यहां यमुना नगर कालोनी में रेलवे लाइन के पास स्थित कब्रिस्तान में छिपा दिया था। मौका देखकर इन बोरियों में भरे गेहूं को मैं आज बेचने वाला था किन्तु आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
विकास पटेल पुत्र भईयालाल पटेल निवासी ग्राम टड़िया कोटवा थाना लोहता वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- यमुना नगर कालोनी में रेलवे लाइन के पास स्थित कब्रिस्तान थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-19.04.2025 को समय करीब 01.55 बजे।

बरामदगी का विवरण-

05 अदद बोरी गेहूं (कुल वजन 305 कि0ग्रा0) बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0164/2025 धारा 305(A)/317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- म0उ0नि0 प्रतिभा शाही थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 विशाल कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4- हे0का0 वसीम खान थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

5- का0 बलराम वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी